अपीलीय अधिकारी एवं संचालक, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल — 462004 (म.प्र.)

क्र. सूअप्र / संतशि / 10 /
भोपाल दिनांक

रजिस्टर्ड डाक से

1. श्री एच.एल. कश्यप
सीनियर व्याख्याता,
शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय,
अशोक नगर — म.प्र.

आवेदक / अपीलार्थी

विरूद्ध

रजिस्टर्ड डाक से

2. लोक सूचना अधिकारी
शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय,
अशोक नगर, म.प्र.

अनावेदक / प्रतिअपीलार्थी

प्रथम अपील सुनवाई निर्णय दिनांक 27.07.2010

आवेदक / अपीलार्थी अनुपस्थित ।

अनावेदक / प्रतिअपीलार्थी (प्राचार्य / लोक सूचना अधिकारी, पोली. महा. अशोक नगर) उपस्थित।

1 आवेदक / अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 31.05.2010 का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रथम अपील आवेदन में उल्लेखित अनुसार लोक सूचना अधिकारी के द्वारा पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने से मना किया गया है।

2. समक्ष में प्रस्तुत प्रकरण में आवेदक/अपीलार्थी द्वारा 2 बिंदुओं पर जानकारी चाही थी अनावेदक / प्रतिअपीलार्थी के कथनानुसार बिंदु क्र. 1 में आवेदक / अपीलार्थी द्वारा चाहा गया आदेश लगभग 23 वर्ष पुराना है। इस संबंध में अनावेदक / प्रतिअपीलार्थी को निर्देशित किया गया कि अपने सहभागी / अपने समकक्ष / अपने अधीनस्थ अधिकारी / कर्मचारियों के हस्ताक्षर वाले खाने में लाइन / क्रास लगाने संबंधी आदेश आवेदक / अपीलार्थी को 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराते हुए इस संचालनालय को अवगत करावें।

3 बिंदु क्र. 2 की जानकारी अनावेदक / प्रतिअपीलार्थी द्वारा आवेदक / अपीलार्थी को चेक द्वारा फीस का पट... जमा करने के उपरांत उपलब्ध करा दी गई है। जानकारी दिये जाने संबंधी पत्र की छायाप्रति अनावेदक / प्रतिअपीलार्थी (लोक सूचना अधिकारी) द्वारा सुनवाई के दौरान प्रदान की गई।

4. उपरोक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में आवेदक / अपीलार्थी की अनुपस्थिति में अपील का निराकरण किया जाकर प्रथम अपील निराकृत की गई ।

5. उपरोक्तानुसार अपील की सुनवाई के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत होते हुए असंतुष्ट होने की स्थिति में अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समयावधि में निम्नानुसार अपीलार्थी द्वारा अपील की जा सकती है।

निरंतर..........2 / —

द्वितीय अपील	समय—सीमा
राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयोग, निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, 58, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)	विनिश्चय की प्राप्ति के 90 दिनों के भीतर

(आशीष डोंगरे)
संचालक एवं अपीलीय अधिकारी
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र.
भोपाल – मध्यप्रदेश

पृष्ठा क्र. सूअप्र / संतशि / 10 / 413
भोपाल दिनांक 31/7/10

प्रतिलिपि

1. [illegible] मुख्य सूचना आयुक्त, म.प्र. राज्य सूचना आयोग, 58, निर्वाचन भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – म.प्र.
2. वरिष्ठ निज सहायक, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र., भोपाल ।
3. कम्प्यूटर शाखा, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र. भोपाल।

(आशीष डोंगरे)
संचालक एवं अपीलीय अधिकारी
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र.
भोपाल – मध्यप्रदेश